हाथियों का तांडव | लगातार हमलों से बढ़ी चिंता, चार दिन में दूसरी मौत

# जंगली हाथी ने युवती को पटका, मौत

**मां के साथ सब्जी तोड़ने जा रही थी खेत**

**अनूपपुर, नवभारत, 30 अप्रैल।** अनूपपुर जिले में जंगली हाथियों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। गुरुवार सुबह कुसुमहाई गांव में एक दर्दनाक घटना में 23 वर्षीय युवती की जंगली हाथी के हमले में मौत हो गई। यह चार दिनों में दूसरी मौत है, जिससे पूरे इलाके में दहशत का माहौल है।

घटना सुबह करीब 5.30 बजे की है, जब युवती जानकी कोल अपनी मां के साथ खेत में सब्जी तोड़ने जा रही थी। रास्ते में अचानक पीछे से आए एक जंगली हाथी ने उस पर हमला कर दिया। मां के चिल्लाने पर युवती जैसे ही पीछे मुड़ी, हाथी ने उसे सूंड से पकड़कर जमीन पर पटक दिया। गंभीर चोट लगने से मौके पर ही उसकी हालत बिगड़ गई। जिसके बाद ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए युवती को दोपहिया वाहन से जिला अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और वन विभाग की टीम अस्पताल पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी।





### गरीब परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़

मृतका का परिवार मजदूरी पर निर्भर है। पिता रामावतार कोल घटना के समय रिश्तेदारी में गए हुए थे और सूचना मिलते ही अस्पताल पहुंचे। परिवार में पांच बहनें और एक भाई है, जिनमें से अधिकांश बहनों की शादी हो चुकी है। जानकी और उसका भाई अविवाहित थे।

### पहले भी ले चुका है जान

इससे पहले 26 अप्रैल को भोलगढ़ के जंगल में एक महिला की हाथी के हमले में मौत हो चुकी है, जबकि उसके परिवार के दो सदस्य घायल हुए थे। जानकारी के अनुसार यह वही एकल दंत वाला हाथी है, जो छत्तीसगढ़ सीमा से होते हुए अनूपपुर क्षेत्र में आया है और अब तक कई लोगों पर हमला कर चुका है।

### वन विभाग अलर्ट, गश्त तेज

घटनाओं के बाद वन विभाग ने सेंदुरी, अमगवां, छुलहा, मौहरी और आसपास के गांवों में अलर्ट जारी कर दिया है। हाथी गश्ती दल लगातार निगरानी कर रहा है। मृतका के परिजनों को तत्काल 10 हजार रुपये की सहायता राशि दी गई है।

### एक दिन पहले नाबालिग पर हमला

वन विभाग के अनुसार यही हाथी बुधवार रात सेंदुरी गांव में एक नाबालिग संजय चौधरी पर भी हमला कर चुका है। संजय अपने दोस्त के साथ बारात देखने जा रहा था, तभी आम के बगीचे के पास हाथी सामने आ गया। जान बचाने के लिए संजय झाड़ियों में छिप गया। हाथी ने उसे कुचलने की कोशिश की, लेकिन घनी झाड़ियों के कारण वह बच गया। बाद में उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है।

### मुआवजे और कार्रवाई की मांग

स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने और हाथी को जल्द सुरक्षित क्षेत्र में खदेड़ने की मांग की है। वन विभाग के आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 2011 से 2026 तक अनूपपुर जिले में हाथियों के हमलों में 17 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं पिछले 120 दिनों में ही 4 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है, जिससे समस्या की गंभीरता साफझलकती है। प्रशासन ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे अकेले जंगल या खेत की ओर न जाएं और सतर्क रहें। इलाके में स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है।

# कुएं की दीवार धंसने से किसान की मौत, बेटे की कोशिश नाकाम



**अनूपपुर, नवभारत, 30 अप्रैल।** जैतहरी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत धनगवां के दर्रीटोला में गुरुवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया। सिंचाई के लिए खुदवाए जा रहे कुएं की दीवार अचानक धंसने से 46 वर्षीय हीरालाल राठौर की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार हादसे के समय हीरालाल कुएं के अंदर काम कर रहे थे। तभी अचानक ऊपर की मिट्टी और दीवार भरभराकर गिर गई, जिससे वे मलबे में दब गए। मौके पर मौजूद उनका 11 वर्षीय बेटा पंकज राठौर तुरंत कुएं में उतरा और पिता को बचाने की कोशिश की, लेकिन वह उन्हें बाहर नहीं निकाल सका।

घटना की सूचना मिलते ही परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे। सभी ने मिलकर काफी मशक्कत के बाद हीरालाल को कुएं से बाहर निकाला और एंबुलेंस के जरिए जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि हीरालाल ने एक साल पहले मौहरी गांव में करीब दो एकड़ जमीन खरीदी थी और वहां खेती के साथ नया मकान बनाने की योजना बना रहे थे। खेत में सिंचाई के लिए कुआं खुदवाया जा रहा था। लगभग 25 हाथ गहरा कुआं खोदा जा चुका था और मिट्टी धंसने से बचाने के लिए पत्थरों से आधी दीवार बनाई गई थी। इसी दौरान दीवार और मिट्टी के बीच की जगह भरते समय यह हादसा हो गया। घटना के वक्त हीरालाल की पत्नी दूसरे गांव गई हुई थीं। बड़ा बेटा घर पर था, जबकि छोटा बेटा पंकज उनके साथ मौजूद था। इस हादसे के बाद परिवार में शोक का माहौल है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# बंजारी तालाब में मिला अज्ञात युवक का शव

**हत्या की आशंका**



**अनूपपुर, नवभारत, 30 अप्रैल।** जैतहरी थाना क्षेत्र में गुरुवार को एक सनसनीखेज मामला सामने आया, जहां बंजारी तालाब में एक अज्ञात युवक का शव उतराता हुआ मिला। मृतक की उम्र लगभग 35 वर्ष बताई जा रही है। शरीर पर चोट के निशान मिलने से पुलिस ने हत्या की आशंका जताई है। जानकारी के अनुसार नगर परिषद जैतहरी के वार्ड क्रमांक 4 स्थित पुराने बंजारी तालाब में स्थानीय लोगों ने शव को देखा और तुरंत डायल 112 को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम और एफ्एसए की टीम मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों की मदद से शव को तालाब से बाहर निकाला गया।

जैतहरी थाना प्रभारी अमर वर्मा ने बताया कि शव करीब 2 से 3 दिन पुराना प्रतीत हो रहा है। पानी में रहने के कारण शरीर फूल गया है, जिससे पहचान करना मुश्किल हो रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि मृतक के शरीर पर चोट के निशान पाए गए हैं, जिससे आशंका है कि युवक की हत्या कर शव को तालाब में फेंका गया हो।

पुलिस ने शव का पंचनामा तैयार कर उसे पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैतहरी भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल पुलिस अज्ञात मृतक की पहचान के लिए आसपास के थानों में दर्ज गुमशुदगी के मामलों की जांच कर रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच तेज कर दी गई है।

### आशीष बने कांग्रेस के नगरीय निकाय प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष

**अनूपपुर, नवभारत, 30 अप्रैल।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा नगरीय निकाय प्रकोष्ठ में की गई नवीन नियुक्तियों के तहत जिले के युवा कांग्रेस कार्यकर्ता



आशीष त्रिपाठी को प्रदेश उपाध्यक्ष पद की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह नियुक्ति प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार की गई है, जिसे संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। आशीष त्रिपाठी की नियुक्ति के बाद अनूपपुर जिले सहित आसपास के क्षेत्रों में कांग्रेस कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल है। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं एवं पदाधिकारियों ने उन्हें बधाई देते हुए विश्वास व्यक्त किया है।

# झिलमिल जलाशय की नहरों से फूटेगी खुशहाली

**900 से अधिक किसानों को मिलेगा लाभ**

**अनूपपुर, नवभारत, 30 अप्रैल।** आदिवासी बहुल विकासखंड पुष्पराजगढ़ में कृषि विकास को नई दिशा देने के लिए झिलमिल जलाशय की नहर परियोजना तेजी से आगे बढ़ रही है। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत चल रहे इस कार्य से क्षेत्र के 900 से अधिक किसानों की किस्मत बदलने की उम्मीद है। वर्षों से वर्षा आधारित खेती पर निर्भर रहे किसानों को अब राहत मिलने वाली है। नहरों की जर्जर स्थिति के कारण पानी खेतों के अंतिम छोर तक नहीं पहुंच पाता था, जिससे फसलों की उत्पादकता प्रभावित होती थी। अब मुख्य और माइनर नहरों के निर्माण व सुदृढ़ीकरण से इस समस्या का समाधान किया जा रहा है। करीब 19.60 करोड़ रुपये की लागत से संचालित इस परियोजना के पूर्ण होने पर 5.04 एमसीएम क्षमता वाले झिलमिल जलाशय का पानी व्यवस्थित तरीके से खेतों तक पहुंचेगा। इससे लगभग 905 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा मजबूत होगी। परियोजना के तहत करीब 11 किलोमीटर लंबा नहर नेटवर्क विकसित किया जा रहा है, जिससे जल वितरण समान और प्रभावी होगा।इस योजना का सीधा लाभ बीजापुरी, पीपाटोला, कछरा टोला और झिलमिल गांवों के 914 किसान परिवारों को मिलेगा। इससे उनकी आय में वृद्धि और आजीविका में स्थिरता आने की संभावना है। कलेक्टर हर्षल पंचोली परियोजना की लगातार मॉनिटरिंग कर रहे हैं। उन्होंने संबंधित विभाग को निर्देश दिए हैं कि कार्य को गुणवत्ता के साथ तय समय सीमा में पूरा किया जाए। उनका कहना है कि मजबूत सिंचाई व्यवस्था से खरीफ और रबी दोनों फसलों की पैदावार में सुधार होगा, जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। स्थानीय किसानों में इस परियोजना को लेकर उत्साह है। किसान जगत सिंह, ठाकुर सिंह और कमलेश्वर सिंह का कहना है कि नहरों के सुधार से अब खेतों तक पानी की उपलब्धता सुनिश्चित होगी।




### क्षेत्र की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई ऊर्जा


झिलमिल जलाशय की यह पहल न केवल खेतों को सिंचित करेगी, बल्कि पूरे क्षेत्र की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई ऊर्जा देगी। विशेषज्ञों का मानना है कि जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत किया जा रहा यह कार्य भविष्य में अन्य क्षेत्रों के लिए एक मिसाल बन सकता है।

**एक नजर में**

## थूकने से रोका तो मालवाहक चालक ने मारी टक्कर



**अनूपपुर, नवभारत, 30 अप्रैल।** अनूपपुर जिले में एक हैरान कर देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक मालवाहक वाहन चालक ने महज थूकने से मना करने पर बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। घटना कोतवाली थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग 43 पर बुधवार रात की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 1 निवासी 35 वर्षीय अभिषेक सिंह अपने काम से कोतमा से लौट रहे थे। जब वे ग्राम बदरा के पास पहुंचे, तभी एक मालवाहक वाहन चालक ने खिड़की से पान मसाले की पीक थूक दी, जो पीछे चल रहे अभिषेक सिंह की बाइक पर आ गिरी। इस पर अभिषेक ने चालक को ऐसा करने से मना किया। बताया जा रहा है कि इस बात से नाराज चालक कुछ दूरी तक बाइक के साथ-साथ वाहन चलाता रहा। इसके बाद ग्राम पसला के पास उसने जानबूझकर अपनी गाड़ी की रफ्तार धीमी की और पीछे से बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से अभिषेक सिंह सड़क पर गिर पड़े और घायल हो गए। घायल अवस्था में भी अभिषेक सिंह खुद बाइक चलाकर जिला अस्पताल पहुंचे, जहां उनका इलाज जारी है। उन्होंने घटना की सूचना अपने परिजनों को भी दी। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अज्ञात मालवाहक चालक के खिलाफकेस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



## 15 वर्षीय नाबालिग बालिका तेलंगाना से बरामद, आरोपी गिरफ्तार

**अनूपपुर, नवभारत, 30 अप्रैल।** ऑपरेशन मुस्कान के तहत कोतवाली अनूपपुर पुलिस ने 15 वर्षीय गुमशुदा नाबालिग बालिका को तेलंगाना राज्य से सुरक्षित बरामद कर उसके परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। साथ ही बालिका को बहला-फुसलाकर भगाने वाले आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। जानकारी के अनुसार 19 अप्रैल को बालिका के अचानक घर से बिना बताए लापता होने की रिपोर्ट कोतवाली अनूपपुर में दर्ज की गई थी। सतत प्रयासों के आधार पर बालिका की लोकेशन तेलंगाना के रंगारेड्डी जिले में ट्रेस की।पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए रंगारेड्डी जिले के थाना सादनगर क्षेत्र अंतर्गत फारूख नगर में दबिश देकर बालिका को आरोपी गणेश सारथी 20 वर्ष निवासी ग्राम सकरा के कब्जे से सुरक्षित बरामद कर लिया। जांच में सामने आया कि आरोपी तेलंगाना में मजदूरी करता था और उसने बालिका को शादी का झांसा देकर बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर आगे की वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

## घर में घुसकर मारपीट व तोड़फोड़ करने वाले आरोपियों को सजा

**अनूपपुर, नवभारत, 30 अप्रैल।** अनूपपुर जिले में घर में घुसकर मारपीट और संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के मामले में न्यायालय ने आरोपियों को कड़ी सजा सुनाई है। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश माया विश्वलाल की अदालत ने थाना कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पोड़ी में हुए इस मामले में फैसला सुनाते हुए मुख्य आरोपियों को आजीवन कारावास तक की सजा दी है। लोक अभियोजक पुष्पेन्द्र कुमार मिश्रा के अनुसार, 28 मार्च 2021 को होलिका दहन की रात आरोपियों ने ओम प्रकाश सिंह परस्ते और उदय सिंह परस्ते के घर में घुसकर गाली-गलौज करते हुए मारपीट की थी। साथ ही घर के बाहर खड़ी कार को डंडों से तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया था। इस मामले में विक्रम सिंह ठाकुर, अविनाश सिंह, रवि महरा, आशीष कुमार केवट, पुरूषोत्तम सिंह गोड और सूरज सिंह गोड के खिलाफ थाना कोतवाली अनूपपुर में भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं और एससी एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था।

# 140 साल बाद भी मई दिवस की शहादत प्रासंगिक : हरिद्वार सिंह

**जमुना कोतमा, नवभारत, 30 अप्रैल।** अखिल भारतीय ट्रेड यूनियन कांग्रेस (एटक) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कॉमरेड हरिद्वार सिंह ने कहा है कि 1886 के शिकागो के मज़दूरों की शहादत आज भी उतनी ही प्रासंगिक है, जितनी 140 वर्ष पहले थी। उन्होंने कहा कि अमेरिका के शिकागो में 1 मई 1886 को लाखों मज़दूरों ने 'आठ घंटा काम, आठ घंटा आराम और आठ घंटा मनोरंजन' का ऐतिहासिक नारा बुलंद किया था। शांतिपूर्ण मज़दूर आंदोलन पर तत्कालीन सत्ता और पूंजीपतियों ने बर्बर दमन किया, पुलिस गोलियों से दर्जनों मज़दूरों की हत्या कर दी गई और कई नेताओं को फांसी पर चढ़ा दिया गया।

हरिद्वार सिंह ने कहा कि मालिकों और सरकारों ने दमन की सारी सीमाएं पार कर दीं, लेकिन मज़दूर आंदोलन थमा नहीं, बल्कि और तेज हुआ। 1889 में दुनिया के समाजवादी देशों ने शिकागो की घटना को श्रमिक संघर्ष का प्रतीक मानते हुए 1 मई को अंतरराष्ट्रीय मज़दूर दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया। भारत में पहली बार



मई दिवस एटक के अग्रणी नेता और प्रख्यात कम्युनिस्ट कामरेड सिंगारवेलू चेट्टियार ने मद्रास में मनाया था, जहां उन्होंने लाल झंडा फहराकर 'आठ घंटा काम, आठ घंटा आराम, आठ घंटा मनोरंजन' का नारा दिया। उन्होंने कहा कि 1920 में एटक के गठन के बाद 1928 से लगातार देशभर में 1 मई को मज़दूर दिवस मनाया जा रहा है, लेकिन विडंबना यह है कि 140 वर्ष बाद भी मज़दूरों की मूल मांगें अधूरी हैं। उत्तर प्रदेश के नोएडा, हरियाणा के मानेसर, पानीपत, फरीदाबाद सहित देश के कई औद्योगिक क्षेत्रों में काम के घंटे, वेतन, श्रम अधिकार और सम्मानजनक कामकाजी परिस्थितियों को लेकर हो रहे मज़दूर आंदोलन आज भी 1886 के संघर्ष की याद दिलाते हैं।

कॉमरेड हरिद्वार सिंह ने कहा कि चार नए लेबर कोड लागू होने के बाद मज़दूरों का शोषण और बढ़ा है। ट्रेड यूनियन बनाने, आंदोलन करने और संवैधानिक अधिकारों की रक्षा तक पर हमले हो रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि मौजूदा सरकार श्रमिकों के अधिकारों को कुचलने में लगी है और पूंजीपतियों के हितों को प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने कहा कि आज़ादी के 79 वर्ष बाद भी निजी कंपनियों में अमानवीय शोषण जारी है। मध्यप्रदेश के रीवा जिले स्थित अल्ट्राटेक सीमेंट कारखाने का उदाहरण देते हुए हरिद्वार सिंह ने कहा कि वहां श्रम कानूनों का खुला उल्लंघन हो रहा है। मजदूरों से 18-18 घंटे काम कराया जा रहा है, रात 2 बजे तक उन्हें काम पर बुलाया जाता है, डबल ओवरटाइम नहीं दिया जाता, साप्ताहिक अवकाश नहीं मिलता ।



# प्रधानाध्यापक प्यारेलाल साहू को भावभीनी विदाई

**अनूपपुर, नवभारत, 30 अप्रैल।** शासकीय माध्यमिक विद्यालय डिड़वापानी में गुरुवार को एक गरिमामय एवं भावनात्मक समारोह का आयोजन कर सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक प्यारेलाल साहू को भावभीनी विदाई दी गई। 62 वर्ष की अधिवार्षिकी आयु पूर्ण करने के पश्चात उन्होंने शासकीय सेवा से सेवानिवृत्ति प्राप्त की। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात विद्यालय परिवार एवं उपस्थित अतिथियों ने श्री साहू का शाल, श्रीफल एवं पुष्पमालाओं से आत्मीय सम्मान किया। पूरे समारोह में सम्मान, अपनत्व और भावनाओं का विशेष वातावरण देखने को मिला।

समारोह में संकुल प्राचार्य शासकीय उमावि सकरा आर.पी. सोनी, पीएम श्री शासकीय हाई स्कूल दुलहरा के प्राचार्य राजीव श्रीवास्तव, प्रधानाध्यापक रामभरोसे प्रजापति, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिपरिया के प्रधानाध्यापक डॉ. नरेन्द्र पटेल, हाई स्कूल दुधमनिया के प्राचार्य सत्येन्द्र जायसवाल तथा सेवानिवृत्त शिक्षक वृन्दावन पटेल सहित संकुल सकरा एवं डिड़वापानी के समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे। वक्ताओं ने अपने संबोधन में श्री साहू के दीर्घ, अनुशासित एवं प्रेरणादायी शैक्षणिक जीवन की सराहना करते हुए उन्हें शिक्षा जगत का प्रेरणास्रोत बताया। इस अवसर पर वृन्दावन पटेल, डॉ. नरेन्द्र पटेल, राजीव श्रीवास्तव, आर.पी. सोनी, रामभरोसे प्रजापति एवं स्वयं प्यारेलाल साहू ने अपने विचार व्यक्त किए। अपने उद्बोधन में प्यारेलाल साहू ने सेवाकाल के अनुभव साझा करते हुए सहकर्मियों, विद्यार्थियों एवं शिक्षा विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया, जिससे उपस्थित जन भावुक हो उठे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक सुनील व्यवहार ने किया।

**न्यायालय - अमनदीप सिंह छावड़ा व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंण्ड कोतमा जिला अनूपपुर (म.प्र.)**

प्रो. क्रं. आदेश दिनाक 28.04.2026 रजि. क्रं. 34/26 तारीख पेशी दिनांक 16.06 2026

01. पुष्पा उर्फ श्रीमती पुष्पा सिंह उम्र लगभग 40 वर्ष पुत्री स्व. यशुरतन पति अभिषेक सिंह, 02. स्टीफन उर्फ एस स्टीफन उर्फ एस. स्टीफन रतन उम्र लगभग 39 वर्ष आत्मज स्व. यशुरतन, 03. एस. मोजेश स्तन उम्र लगभग 35 वर्ष आत्मज स्व. यशुरतनसभी निवासी बनगवां / राजनगर ए टाइप कालोनी क्वा. नं. ए/11 पो. बनगवां थाना रामनगर तह. कोतमा जिला अनूपपुर (म.प्र.) ....................वादीगण

बनाम

01. उपक्षेत्रिय प्रबंधक एस.ई सी.एल. राजनगर आर.ओ. कालरी, पो. राजनगर कालरी तह. कोतमा जिला अनूपपुर (म.प्र.) 484446, 02 सहायक श्रम आयुक्त (केन्द्रिय), गायत्री मन्दिर के पास शहडोल, पो. व जिला शहडोल (म.प्र.) 484001, 03. श्रीमती कामायनी उम्र लगभग उम्र 60 वर्ष पत्नी स्व. यशुरतन निवासी बनगवां / राजनगर शन्तीनगर कालोनी शिवमन्दिर के सामने पो. बनगवां थाना रामनगर तह. कोतमा जिला अनूपपुर (म.प्र.) 484446, 04. सर्व साधारण/जिससे संबंन्धित हो (आम जनता) .................. प्रतिवादीगण

आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 34 विशिष्ट अनुतोष अधिनियम 1963

यह कि इस न्यायालय में प्रस्तुत वादपत्र के अनुसार वादीगण के पिता एवं प्रतिवादी क्रं. 03 के पति यशुरतन उर्फ येशुस्तन आ. स्व. ज्ञानवेदम एस.ई.सी.एल. कंपनी के उपक्षेत्र राजनगर आरओ कालरी में कार्यरत रहते हुये दिनांक 01.05.2021 को मृत्यु हो गई है। वादीगण की "प्राकृतिक माता / जन्म देने वाली माता श्रीमती निर्मला रतन की मृत्यु दिनांक 18.11.2013 में हो चुकी है। श्रीमती निर्मला रतन की मृत्यु के बाद वादीगण के पिता प्रतिवादी क्र. 03 के साथ अपना दूसरा विवाह किये थे, जो प्रतिवादी क्र. 03, वादीगण के पिता की दूसरी पत्नी हैं। वादीगण अपने पिता स्व. यशुरतन और प्राकृतिक माता श्रीमती निर्मला रतन के जीवन काल के दामपत्य जीवन से पैदा हुये वैध संतान है। वादीगण ने प्रतिवादी क्रं. 02 के कार्यालय में जमा ग्रेच्यूटी की संपूर्ण राशि 20,00,000 रु (बीस लाख रुपये) राशि को बराबर-बराबर भाग में प्राप्त करने के लिये प्रतिवादी क्र. 02 के कार्यालय में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किये थे। किन्तु वादीगण के पिता के कालरी सेवा अभिलेख में वादी क्रं0 02 का नाम "स्टीफन" नाम, उत्तराधिकार प्रमाण पत्र में स्टीफन नाम, वादी क्रं. 02 के बैंक के पासबुक में वादी क्रं. 02 का नाम "एस. स्टीफन" वादी क्रं. 02 के आधार कार्ड मे "एस.स्टीफन रतन" नाम दर्ज होने से नाम में भिन्नता होने से से वादीगण वादीगण के हिस्से की उक्त राशि का भुगतान नही हो पाया है। इसलिये वादीगण इस न्यायालय से इस आशय की घोषणा कराना चाहते हैं कि वादी क्रं. 02 का नाम "स्टीफन", "एस.स्टीफन" और "एस. स्टीफन रतन" तीनों नाम एक ही व्यक्ति का नाम है जो वादी क्र. 02 का नाम है।

वादपत्र पत्र के अनुसार वादीगण मृतक स्व. यशुरतन की वैध संतान है, जिसमे वादी क्रं. 01 वैद्य पुत्री, बादी क्रं 02 व 03 वैध पुत्र संतान है, तथा प्रतिवादी क्र. 03 वैध पत्नी है. "स्टीफन", "एस. स्टीफन" और "एस. स्टीफन रतन" तीनों नाम एक ही व्यक्ति का नाम है जो वादी क्रं. 02 का नाम है। उक्त प्रकरण की सुनवाई दिनांक 16.06.2026 को प्रात: 11 बजे इस न्यायालय में नियत है।


अत: सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि उक्त वादीगण उक्त राशि के भुगतान प्राप्त करने के लिये बादी क्रं. 02 के उक्त तीनों नाम एक ही ब्यक्ति का है के आशय का घोषणा जारी किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह अपना पक्ष समर्थन इस न्यायालय मे दिनांक 16.06.2026.. को प्रात: 11 बजे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। उक्त दिनांक तक आपत्ति नही होने पर वादपत्र की सुनवाई किया जाकर निर्णय पारित कर दिया जायेगा। उक्त दिनांक को किसी कारण अवकाश घोषित होने पर वादपत्र की सुनवाई आगामी कार्य दिवस को होगी।

**अमनदीप सिंह छावड़ा व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंण्ड कोतमा जिला अनूपपुर (म.प्र.)**

जनगणना 2027 | कंट्रोल रूम स्थापित

# 1 मई से मकान सूचीकरण शुरू होगा

**अनूपपुर, नवभारत, 30 अप्रैल।** जिले में प्रस्तावित जनगणना 2027 की तैयारियाँ तेज हो गई हैं और इसका प्रथम चरण 1 मई से औपचारिक रूप से शुरू किया जाएगा। इस चरण के अंतर्गत 1 से 31 मई तक मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी ने सभी प्रशासनिक और तकनीकी तैयारियाँ समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं, ताकि इस राष्ट्रीय अभियान को सफल बनाया जा सके। इस बार जनगणना प्रक्रिया को पूरी तरह डिजिटल बनाया गया है। प्रगणक घर-घर जाकर मकानों का सूचीकरण करेंगे और मोबाइल ऐप के माध्यम से डेटा संग्रह करेंगे। इससे प्रक्रिया में पारदर्शिता बढ़ेगी और वास्तविक समय में सटीक आंकड़े उपलब्ध हो सकेंगे। जिन नागरिकों ने पहले ही पोर्टल के जरिए अपनी जानकारी दर्ज कर ली है, उन्हें प्रगणकों को केवल अपना रेफ्रेंस नंबर दिखाना होगा, जिससे दोबारा जानकारी देने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। फील्ड में आने वाली तकनीकी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए जिला स्तर पर एक विशेष निगरानी टीम का गठन किया गया है। साथ ही, जनगणना कार्य की निगरानी और समन्वय के लिए कलेक्ट्रेट कार्यालय स्थित जनगणना शाखा में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जहाँ से विभिन्न चार्ज क्षेत्रों से प्रतिदिन मकान सूचीकरण एवं गणना की रिपोर्ट प्राप्त की जाएगी।



कंट्रोल रूम के लिए नायब तहसीलदार गुरुदास महरा को नोडल अधिकारी तथा एपीसी संतोष कुमार तिवारी को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इनके सहयोग के लिए शासकीय एवं आउटसोर्स कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इसके अतिरिक्त विभिन्न तहसीलों एवं नगरीय निकायों के लिए भी कर्मचारियों की जिम्मेदारियाँ तय कर दी गई हैं।

### आउटसोर्स कम्प्यूटर ऑपरेटर रौतेल को जिम्मेदारी सौंपी

तहसील अनूपपुर, नगरपालिका अनूपपुर, पसान एवं नगर परिषद बरगवां (अमलाई) के लिए पटवारी नीलेश कछवाहा, तहसील जैतहरी एवं नगर परिषद जैतहरी के लिए पटवारी राजेश कुर्मी, तहसील पुष्पराजगढ़ एवं नगर परिषद अमरकंटक के लिए कम्प्यूटर ऑपरेटर बाबूराम सिंह राठौर तथा तहसील कोतमा, नगरपालिका कोतमा, बिजुरी, डोला, डूमरकछार एवं बनगवां (राजनगर) के लिए आउटसोर्स कम्प्यूटर ऑपरेटर दीपक रौतेल को जिम्मेदारी सौंपी गई है।